Imame Husain ki Karamat (Hindi)

इमामे हुसैन की करामात

रिसाला नं.: 52

शैख़े तरीक़त अमीरे अहले सुन्नत बानिये दा'वते इस्लामी
हज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल
मुहम्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी र-ज़वी

इस रिसाले में मुला-हज़ा कीजिये

- कूंएं का पानी उबल पड़ा 7
- नूर का सुतून और सफ़ेद परिन्दे 13
- अज़िय्यत नाक कीड़ों का तआ़रुफ़ 32
- मग़फ़िरत से मायूसी की लर्ज़ाख़ेज़ हिकायत 36
- यज़ीद की इब्रतनाक मौत 45
- इब्ने ज़ियाद की नाक में सांप 48
- आ़शूरा के फ़ज़ाइल 57

पेशकश : मजलिसे मक-त-बतुल मदीना

मक-त-बतुल मदीना
सिलेक्टेड हाउस, अलिफ़ की मस्जिद के सामने, तीन दरवाज़ा अहमदआबाद-1. गुजरात, इन्डिया
Mo.091 93271 68200 E-mail : maktabaahmedabad@gmail.com www.dawateislami.net

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

किताब पढ़ने की दुआ

अज़ : शैख़े तरीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी, हज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुहम्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी** र-ज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه

दीनी किताब या इस्लामी सबक़ पढ़ने से पहले जे़ल में दी हुई दुआ़ पढ़ लीजिये اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ जो कुछ पढ़ेंगे याद रहेगा। दुआ़ येह है :

اَللّٰهُمَّ افْتَحْ عَلَيْنَا حِكْمَتَكَ وَانْشُرْ
عَلَيْنَا رَحْمَتَكَ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَام

तरजमा : ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हम पर इ़ल्मो हिक्मत के दरवाज़े खोल दे और हम पर अपनी रह़मत नाज़िल फ़रमा ! ऐ अ़-ज़मत और बुज़ुर्गी वाले। (المُستطرف ج١ ص٤٠ دارالفکر بیروت)

नोट : अव्वल आख़िर एक एक बार दुरूद शरीफ़ पढ़ लीजिये।

तालिबे ग़मे मदीना
व बक़ीअ़
व मग़्फ़िरत
13 शव्वालुल मुकर्रम 1428 हि.

इमामे हुसैन की करामात

येह रिसाला **(इमामे हुसैन की करामात)**

शैख़े तरीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी हज़रत अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुहम्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी** र-ज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه ने **उर्दू** ज़बान में तह़रीर फ़रमाया है।

मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी) ने इस रिसाले को **हिन्दी** रस्मुल ख़त़ में तरतीब दे कर पेश किया है और मक-त-बतुल मदीना से शाएअ़ करवाया है। इस में अगर किसी जगह कमी बेशी पाएं तो मजलिसे तराजिम को (ब ज़रीअ़ए मक्तूब, ई-मेइल या SMS) मुत्तलअ़ फ़रमा कर सवाब कमाइये।

राबित़ा : मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी)

मक-त-बतुल मदीना

सिलेक्टेड हाउस, अलिफ़ की मस्जिद के सामने, तीन दरवाज़ा, अह़मदआबाद-1, गुजरात
MO. 9374031409 E-mail : translationmaktabhind@dawateislami.net

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

''या रब्बे हुसैन ! मुझे इश्क़े हुसैन दे'' के इक्कीस हुरूफ़ की निस्बत से इस रिसाले को पढ़ने की 21 निय्यतें

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : **''मुसल्मान की निय्यत उस के अ़मल से बेहतर है ।''**

(طَبَرانی مُعجَم کبیر ج٦ ص١٨٥ حدیث٥٩٤٢)

दो[2] म-दनी फूल : (1) बिग़ैर अच्छी निय्यत के किसी भी अ़-मले ख़ैर का सवाब नहीं मिलता (2) जितनी अच्छी **निय्यतें** ज़ियादा उतना सवाब भी ज़ियादा ।

﴾1﴿ हर बार ह़म्द व ﴾2﴿ सलात और ﴾3﴿ तअ़व्वुज़ व ﴾4﴿ तस्मिय्या से आग़ाज़ करूंगा (इसी सफ़ह़ा के ऊपर दी हुई दो[2] अ़-रबी इ़बारात पढ़ लेने से चारों[4] निय्यतों पर अ़मल हो जाएगा) ﴾5﴿ रिज़ाए इलाही عَزَّوَجَلَّ के लिये इस रिसाले का अव्वल ता आख़िर मुत़ा-लआ़ करूंगा ﴾6﴿ ह़त्तल वस्अ़ इस का बा वुज़ू और ﴾7﴿ क़िब्ला रू मुत़ा-लआ़ करूंगा ﴾8﴿ क़ुरआनी आयात और ﴾9﴿ अह़ादीसे मुबा-रका की ज़ियारत करूंगा ﴾10﴿ जहां जहां ''अल्लाह'' का नामे पाक आएगा वहां عَزَّوَجَلَّ और ﴾11﴿ जहां जहां ''सरकार'' का इस्मे मुबारक आएगा वहां صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم पढ़ूंगा ﴾12﴿ इस रिवायत ''عِنْدَ ذِكْرِ الصّٰلِحِيْنَ تَنَزَّلُ الرَّحْمَةُ'' या'नी नेक लोगों के ज़िक्र के

वक़्त रह़मत नाज़िल होती है।" (حِلیۃالاولیاء ج۷ص ۳۳۵حدیث ۱۰۷۵۰) पर अ़मल करते हुए इस रिसाले में दिये गए इमामे आ़ली मक़ाम और बुज़ुर्गाने दीन عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان के वाक़िआ़त दूसरों को सुना कर ज़िक्रे सालिह़ीन की ब-र-कतें लूटूंगा ﴿13﴾ (अपने ज़ाती नुस्ख़े पर) इन्दज़्ज़रूरत ख़ास ख़ास मक़ामात पर अन्डर लाइन करूंगा ﴿14﴾ दूसरों को येह रिसाला पढ़ने की तरग़ीब दिलाऊंगा ﴿15﴾ इस ह़दीसे पाक "تَهَادَوْا تَحَابُّوْا या'नी एक दूसरे को तोह़फ़ा दो आपस में **महब्बत** बढ़ेगी।" (مؤطا امام مالك، ج۲،ص۴۰۷ حدیث ۱۷۳۱) पर अ़मल की निय्यत से (10 मुह़र्रमुल ह़राम की निस्बत से कम अज़ कम 10 अ़दद या ह़स्बे तौफ़ीक़) येह रिसाला ख़रीद कर दूसरों को तोह़फ़तन दूंगा ﴿16﴾ इस रिसाले के मुत़ा-लए़ का सवाब सारी उम्मत को ईसाल करूंगा ﴿17﴾ रिसाले वग़ैरा में शर-ई ग़-लत़ी मिली तो नाशिरीन को तह़रीरी त़ौर पर मुत्त़लअ़ करूंगा (नाशिरीन वग़ैरा को सिर्फ़ ज़बानी अ़ग़लात़ बता देना ख़ास मुफ़ीद नहीं होता) ﴿18﴾ मौक़अ़ की मुना-सबत से इस रिसाले से दर्स दूंगा ﴿19﴾ हर साल मुह़र्रमुल ह़राम में येह रिसाला पढ़ लिया करूंगा ﴿20﴾ जो बात समझ में नहीं आएगी उस के लिये आयते करीमा "فَسْـَٔلُوْۤا اَهْلَ الذِّكْرِ اِنْ كُنْتُمْ لَا تَعْلَمُوْنَ ﴿۴۳﴾" **तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान :** तो ऐ लोगो इ़ल्म वालों से पूछो अगर तुम्हें इ़ल्म नहीं।" (پ۱٤ النحل، ٤٣) पर अ़मल करते हुए उ़-लमा से रुजूअ़ करूंगा ﴿21﴾ जो बात समझने में दुश्वारी होगी उस को बार बार पढ़ूंगा।

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की करामात

शैत़ान लाख सुस्ती दिलाए मगर आप सवाब की निय्यत से येह रिसाला (63 सफ़ह़ात) मुकम्मल पढ़ लीजिये । اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ आप का सीना ह़ुब्बे अहले बैत का मदीना बन जाएगा ।

दुरूद शरीफ़ की फ़ज़ीलत

बेचैन दिलों के चैन, रह़मते दारैन, ताजदारे ह़-रमैन, सरवरे कौनैन, नानाए ह़-सनैन صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم का फ़रमाने रह़मत निशान है : जब जुमा'रात का दिन आता है अल्लाह तआ़ला फ़िरिश्तों को भेजता है जिन के पास चांदी के काग़ज़ और सोने के क़लम होते हैं वोह लिखते हैं, कौन **यौमे जुमा'रात** और **शबे जुमुआ़** मुझ पर कसरत से दुरूदे पाक पढ़ता है ।

(کنزالعمال ج۱،ص ۲۵۰ حدیث ۲۱۷٤)

صَلُّوا عَلَی الْحَبِیْب ! صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلٰی مُحَمَّد

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : जिस ने मुझ पर दस मरतबा सुब्ह़ और दस मरतबा शाम दुरूदे पाक पढ़ा उसे क़ियामत के दिन मेरी शफ़ाअ़त मिलेगी। (مجمع الزوائد)

विलादते बा करामत

राकिबे दोशे मुस्त़फ़ा (صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم), जिगर गोशए मुर्तज़ा, दिलबन्दे फ़ातिमा, सुल्त़ाने करबला, सय्यिदुश्शु-हदा, इमामे आ़ली मक़ाम, इमामे अ़र्श मक़ाम, इमामे हुमाम, इमामे तिश्ना काम, ह़ज़रते सय्यिदुना **इमामे हुसैन** رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ सरापा करामत थे ह़त्ता कि आप की **विलादते बा सआ़दत भी बा करामत** है। ह़ज़रते सय्यिदी आ़रिफ़ बिल्लाह नूरुद्दीन अ़ब्दुर्रह़मान जामी قُدِّسَ سِرُّهُ السَّامِی **शवाहिदुन्नुबुव्वत** में फ़रमाते हैं, सय्यिदुना **इमामे हुसैन** رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ की विलादते बा सआ़दत चार[4] **शा'बानुल मुअ़ज़्ज़म 4 सि.हि.** को **मदीनए मुनव्वरह** زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِيْمًا में मंगल के दिन हुई। मन्क़ूल है कि इमामे पाक رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ की मुद्दते ह़म्ल छ[6] माह है। **ह़ज़रते सय्यिदुना यह़या** عَلٰى نَبِيِّنَا وَعَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام **और इमामे आ़ली मक़ाम इमामे हुसैन** رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ **के इलावा कोई ऐसा बच्चा ज़िन्दा न रहा जिस की मुद्दते ह़म्ल छ[6] माह हुई हो।**

وَاللّٰهُ تعالٰی اعلَمُ ورسولُهٗ اَعلَم عَزَّوَجَلَّ وَصلَّى اللّٰه تعالٰی علیه واٰلهٖ وسلَّم۔

(شَواهِدُ النُّبُوَّة ص۲۲۸ مكتبة الحقيقة تركى)

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم **:** जिस के पास मेरा ज़िक्र हुवा और उस ने मुझ पर दुरूद शरीफ़ न पढ़ा उस ने जफ़ा की । (عبدالرزاق)

رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہَا
सय्यिदह फ़ातिमा के लख़्ते जिगर आए हैं
صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم
मरहबा सरवरे आ़लम के पिसर आए हैं

رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ
ऐ मुसल्मानो ! मुबारक कि हुसैन आए हैं
वाह क़िस्मत के चराग़े ह़-रमैन आए हैं

صَلُّوا عَلَی الْحَبِیب ! صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلٰی مُحَمَّد

रुख़्सार से अन्वार का इज़्हार

ह़ज़रते अ़ल्लामा जामी قُدِّسَ سِرُّہُ السَّامِی मजी़द फ़रमाते हैं : ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम सय्यिदुना इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की शान येह थी कि **जब अंधेरे में तशरीफ़ फ़रमा होते तो आप** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ **की मुबारक पेशानी और दोनों[2] मुक़द्दस रुख़्सार से अन्वार निकलते और क़ुर्बो जवार ज़ियाबार (या'नी रोशन) हो जाते ।**

(اَیضاً ص۲۲۸)

तेरी नस्ले पाक में है बच्चा बच्चा नूर का
तू है ऐने नूर तेरा सब घराना नूर का

صَلُّوا عَلَی الْحَبِیب ! صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلٰی مُحَمَّد

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم : जो मुझ पर रोज़े जुमुआ दुरूद शरीफ़ पढ़ेगा मैं क़ियामत के दिन उस की शफ़ाअ़त करूंगा । (كنز العمال)

कुंवें का पानी उबल पड़ा

हज़रते सय्यिदुना इमामे आ़ली मक़ाम इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ जब **मदीनए मुनव्वरह** से **मक्कए मुकर्रमा** زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًا وَّتَعْظِيْمًا की त़रफ़ रवाना हुए तो रास्ते में ह़ज़रते सय्यिदुना इब्ने मुत़ीअ़ عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْبَدِيْع से मुलाक़ात हुई । उन्हों ने अ़र्ज़ की, मेरे कुंवें में पानी बहुत ही कम है, बराए करम ! दुआ़ए ब-र-कत से नवाज़ दीजिये । आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने उस कुंवें का पानी त़लब फ़रमाया । जब पानी का डोल ह़ाज़िर किया गया तो आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने मुंह लगा कर उस में से पानी नोश किया और कुल्ली की । फिर डोल को वापस कुंवें में डाल दिया तो **कुंवें का पानी काफ़ी बढ़ भी गया और पहले से ज़ियादा मीठा और लज़ीज़ भी हो गया ।** (الطبقاتُ الکُبریٰ ج٥، ص ١١٠ دارالکتب العلمیة بیروت)

رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْھُم

बाग़ जन्नत के हैं बहरे मद्ह़ ख़्वाने अहले बैत
तुम को मुज़्दा नार का ऐ दुश्मनाने अहले बैत

صَلُّوا عَلَی الْحَبِیب ! صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلٰی مُحَمَّد

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : मुझ पर दुरूदे पाक की कसरत करो बेशक येह तुम्हारे लिये त़हारत है । (ابویعلی)

घोड़े ने बद लगाम को आग में डाल दिया

इमामे आ़ली मक़ाम, इमामे अ़र्श मक़ाम, इमामे हुमाम, इमामे तिश्ना काम, ह़ज़रते सय्यिदुना इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ यौमे आ़शूरा या'नी बरोज़ जुमुअ़तुल मुबारक **10 मुह़र्रमुल ह़राम 61** सि.हि. को यज़ीदियों पर इत्मामे हुज्जत करने के लिये जिस वक़्त मैदाने करबला में **ख़ुत़्बा** इर्शाद फ़रमा रहे थे उस वक़्त आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के मज़्लूम क़ाफ़िले के ख़ैमों की ह़िफ़ाज़त के लिये ख़न्दक़ में रोशन कर्दा आग की त़रफ़ देख कर एक बद ज़बान यज़ीदी (मालिक बिन उ़र्वह) इस त़रह़ बक्वास करने लगा, **"ऐ हुसैन** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ! तुम ने वहां की आग से पहले यहीं आग लगा दी !" ह़ज़रते सय्यिदुना इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने फ़रमाया : **كَذَبْتَ يَا عَدُوَّاللّٰه** या'नी "ऐ दुश्मने ख़ुदा ! तू झूटा है, क्या तुझे येह गुमान है कि **مَعَاذَاللّٰه** عَزَّوَجَلَّ मैं दोज़ख़ में जाऊंगा !" इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के क़ाफ़िले के एक जां निसार जवान ह़ज़रते सय्यिदुना मुस्लिम बिन औ़सजा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ से उस मुंहफट बद लगाम

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللہ تعالٰی علیہ و اٰلہٖ وسلّم : तुम जहां भी हो मुझ पर दुरूद पढ़ो कि तुम्हारा दुरूद मुझ तक पहुंचता है। (طبرانی)

के मुंह पर तीर मारने की इजाज़त त़लब की। ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تعالٰی عَنْہُ ने येह फ़रमा कर इजाज़त देने से इन्कार किया कि हमारी त़रफ़ से ह़म्ले का आग़ाज़ नहीं होना चाहिये। फिर इमामे तिश्ना काम رَضِیَ اللّٰہُ تعالٰی عَنْہُ ने दस्ते दुआ़ बुलन्द कर के अ़र्ज़ की : "ऐ रब्बे क़ह्हार ! عَزَّوَجَلَّ इस ना-बकार को अ़ज़ाबे नार से क़ब्ल भी इस दुन्याए ना पाएदार में आग के अ़ज़ाब में मुब्तला फ़रमा।" **फ़ौरन दुआ़ मुस्तजाब (क़बूल) हुई और उस के घोड़े का पाउं ज़मीन के एक सूराख़ पर पड़ा जिस से घोड़े को झटका लगा और बे अदब व गुस्ताख़ यज़ीदी घोड़े से गिरा, उस का पाउं रकाब में उलझा, घोड़ा उसे घसीटता हुवा दौड़ा और आग की ख़न्दक़ में डाल दिया। और बद नसीब आग में जल कर भसम हो गया।** इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تعالٰی عَنْہُ ने सज्दए शुक्र अदा किया, ह़म्दे इलाही बजा लाए और अ़र्ज़ की : "**या अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ **!** तेरा शुक्र है कि तूने आले रसूल के गुस्ताख़ को सज़ा दी।" (सवानेहे़ करबला, स. 88)

رَضِیَ اللّٰہُ تعالٰی عَنْہُم

अहले बैते पाक से बे बाकियां गुस्ताख़ियां

لَعْنَةُ اللّٰہِ عَلَیْکُم दुश्मनाने अहले बैत

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : जिस ने मुझ पर दस मरतबा दुरूदे पाक पढ़ा **अल्लाह** عَزَّ وَجَلَّ उस पर सो रह्मतें नाज़िल फ़रमाता है । (طبرانی)

सियाह बिच्छू ने डंक मारा

गुस्ताख़ व बद लगाम यज़ीदी का हाथों हाथ भयानक अन्जाम देख कर भी बजाए इब्रत ह़ासिल करने के इस को एक इत्तिफ़ाक़ी अम्र समझते हुए एक बेबाक यज़ीदी ने बका : आप को **अल्लाह** عَزَّ وَجَلَّ के रसूल صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم से क्या निस्बत ? येह सुन कर क़ल्बे इमाम को सख़्त ईज़ा पहुंची और तड़प कर दुआ मांगी : "ऐ रब्बे जब्बार عَزَّ وَجَلَّ इस बद गुफ़्तार को अपने अज़ाब में गिरिफ़्तार फ़रमा ।" दुआ का असर हाथों हाथ ज़ाहिर हुवा, उस बक्वासी को एक दम क़ज़ाए ह़ाजत की ज़रूरत पेश आई, फ़ौरन घोड़े से उतर कर एक त़रफ़ को भागा और बरह्ना हो कर बैठा, **नागाह एक सियाह बिच्छू ने डंक मारा नजासत आलूदा तड़पता फिरता था, निहायत ही ज़िल्लत के साथ अपने लश्करियों के सामने इस बद ज़बान की जान निकली ।** मगर उन संगदिलों और बे शर्मों को इब्रत न हुई इस वाक़िए को भी उन लोगों ने इत्तिफ़ाक़ी अम्र समझ कर नज़र अन्दाज़ कर दिया ।

(ऐज़न, स. 89)

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : जिस के पास मेरा ज़िक्र हो और वोह मुझ पर दुरूद शरीफ़ न पढ़े तो वोह लोगों में से कन्जूस तरीन शख़्स है। (ترغیب الترہیب)

رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہَا کَرَّمَ اللّٰہُ وَجْہَہُ الْکَرِیْم

अ़ली के प्यारे ख़ातूने क़ियामत के जिगर पारे

ज़मीं से आस्मां तक धूम है इन की सियादत की

गुस्ताख़े हुसैन प्यासा मरा

यज़ीदी फ़ौज का एक सख़्त दिल मुज़्नी शख़्स इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के सामने आ कर यूं बकने लगा : ''देखो तो सही दरियाए फ़ुरात कैसा मौजें मार रहा है, ख़ुदा عَزَّوَجَلَّ की क़सम ! तुम्हें इस का एक क़त़रा भी न मिलेगा और तुम यूं ही प्यासे हलाक हो जाओगे।'' इमामे तिश्ना काम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने बारगाहे रब्बुल अनाम عَزَّوَجَلَّ में अ़र्ज़ की, **اَللّٰھُمَّ اَمِتْہُ عَطْشَانًا۔** या'नी **''या अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इस को प्यासा मार।'' इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के दुआ़ मांगते ही उस बे ह़या मुज़्नी का घोड़ा बिदक कर दौड़ा, मुज़्नी पकड़ने के लिये उस के पीछे भागा, प्यास का ग़-लबा हुवा, **इस शिद्दत की प्यास लगी कि اَلْعَطَشْ! اَلْعَطَشْ! या'नी हाए प्यास ! हाए प्यास ! पुकारता था मगर पानी जब इस के मुंह से लगाते थे तो एक क़त़रा भी पी न सकता था यहां तक कि इसी शिद्दते प्यास में तड़प**

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : उस शख़्स की नाक ख़ाक आलूद हो जिस के पास मेरा ज़िक्र हो और वोह मुझ पर दुरूदे पाक न पढ़े। (حاکم)

तड़प कर मर गया। (सवानेहे करबला, स. 90)

كَرَّمَ اللّٰهُ وَجْهَهُ الْكَرِيْم

हां मुझ को रखो याद मैं हैदर का पिसर हूं
और बाग़े नुबुव्वत के शजर का मैं समर हूं
मैं दीदए हिम्मत के लिये नूरे नज़र हूं
प्यासा हूं मगर साक़िये कौसर का पिसर हूं

करामात इत्मामे हुज्जत की कड़ी थी

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! देखा आप ने ! इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ की शाने आ़ली किस क़दर अ़-ज़मत वाली है। मा'लूम हुवा कि ख़ुदा वन्दे ग़फ़ूर عَزَّوَجَلَّ को इमामे पाक رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ की बे अ-दबी क़त्अ़न ना मन्ज़ूर है। और आप رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ का बद गो दोनों[2] जहां में मरदूद व मत़रूद[1] है। गुस्ताख़ाने हुसैन को दुन्या में भी दर्दनाक सज़ाओं का सामना हुवा और इस में यक़ीनन बड़ी इ़ब्रत है। सदरुल अफ़ाज़िल ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना सय्यिद मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादआबादी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْهَادِی बा'ज़ गुस्ताख़ाने हुसैन के हाथों हाथ होने वाले इ़ब्रत नाक बद अन्जाम के वाक़िआ़त नक़्ल करने के बा'द

1 : धुत्कारा हुवा।

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : जिस ने मुझ पर रोज़े जुमुआ़ दो सो बार दुरूदे पाक पढ़ा उस के दो सो साल के गुनाह मुआ़फ़ होंगे। (کنزالعمال)

तह़रीर फ़रमाते हैं : फ़रज़न्दे रसूल को येह बात भी दिखा देनी थी कि इस की मक़्बूलिय्यते बारगाहे ह़क़ عَزَّوَجَلَّ पर और इन के क़ुर्बो मन्ज़िलत पर जैसी कि नुसूसे कसीरा व अह़ादीसे शहीरा शाहिद हैं ऐसे ही इन के ख़वारिक़ व करामात भी गवाह हैं। अपने इस फ़ज़्ल का अ़-मली इज़्हार भी इत्मामे ह़ुज्जत के सिल्सिले की एक कड़ी थी कि अगर तुम आंख रखते हो तो देख लो कि जो ऐसा मुस्तजाबुद्दा'वात[1] है उस के मुक़ाबले में आना ख़ुदा (عَزَّوَجَلَّ) से जंग करना है। इस का अन्जाम सोच लो और बाज़ रहो मगर शरारत के मुजस्समे इस से भी सबक़ न ले सके और दुन्याए ना पाएदार की ह़िर्स का भूत जो उन के सरों पर सुवार था उस ने इन्हें अन्धा बना दिया।

(सवानेह़े करबला, स. 90)

नूर का सुतून और सफ़ेद परिन्दे

इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की शहादत के बा'द आप के **सरे मुनव्वर** से **मु-तअ़द्दद** करामात का

1 : या'नी जिस की दुआ़ क़बूल होती हो।

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : मुझ पर दुरूद शरीफ़ पढ़ो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ तुम पर रहमत भेजेगा। (ابن عدی)

ज़ुहूर हुवा । अहले बैत عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان के क़ाफ़िले के बक़िय्या अफ़राद **11 मुहर्रमुल हराम** को कूफ़ा पहुंचे जब कि शु-हदाए करबला عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان के मुबारक सर उन से पहले ही वहां पहुंच चुके थे। इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ का **सरे अन्वर** रुस्वाए ज़माना यज़ीदी बद बख़्त ''ख़ौली बिन यज़ीद'' के पास था येह मरदूद रात के वक़्त कूफ़ा पहुंचा । क़स्रे इमारत (या'नी गवर्नर हाउस) का दरवाज़ा बन्द हो चुका था। येह **सरे अन्वर** को ले कर अपने घर आ गया । ज़ालिम ने **सरे अन्वर** को बे अ-दबी के साथ ज़मीन पर रख कर एक बड़ा बरतन उस पर उलट कर उस को ढांप दिया और अपनी बीवी ''नवार'' के पास जा कर कहा : मैं तुम्हारे लिये ज़माने भर की दौलत लाया हूं, वोह देख हुसैन बिन अ़ली رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ का सर तेरे घर पर पड़ा है। वोह बिगड़ कर बोली : ''तुझ पर ख़ुदा عَزَّوَجَلَّ की मार ! लोग तो सीमो ज़र लाएं और तू फ़रज़न्दे रसूल का **मुबारक सर** लाया है । ख़ुदा عَزَّوَجَلَّ की क़सम ! अब मैं तेरे साथ कभी न रहूंगी ।'' ''नवार'' येह कह कर अपने बिछोने से उठी और जिधर **सरे**

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : मुझ पर कसरत से दुरूदे पाक पढ़ो बेशक तुम्हारा मुझ पर दुरूदे पाक पढ़ना तुम्हारे गुनाहों के लिये मग़्फ़िरत है। (جامع صغیر)

अन्वर तशरीफ़ फ़रमा था उधर आ कर बैठ गई। उस का बयान है : **ख़ुदा** عَزَّوَجَلَّ **की क़सम ! मैं ने देखा कि एक नूर बराबर आस्मान से उस बरतन तक मिस्ले सुतून चमक रहा था और सफ़ेद परिन्दे उस के इर्द गिर्द मंडला रहे थे।** जब सुब्ह़ हुई तो ख़ौली बिन यज़ीद **सरे अन्वर** को इब्ने ज़ियादे बद निहाद के पास ले गया।

(الکامل فِی التّاریخ ج۳، ص٤٣٤)

बहारों पर हैं आज आराइशें गुलज़ारे जन्नत की
सुवारी आने वाली है शहीदाने मह़ब्बत की

ख़ौली बिन यज़ीद का दर्दनाक अन्जाम

दुन्या की **मह़ब्बत** और मालो ज़र की हवस इन्सान को अन्धा और अन्जाम से बे ख़बर कर देती है। बद बख़्त ख़ौली बिन यज़ीद ने दुन्या ही की **मह़ब्बत** की वजह से मज़्लूमे करबला का **सरे अन्वर** तन से जुदा किया था। मगर चन्द ही बरस के बा'द इस दुन्या ही में उस का ऐसा ख़ौफ़नाक अन्जाम हुवा कि कलेजा कांप जाता है चुनान्चे चन्द ही बरस के बा'द

मुख़्तार स-क़फ़ी ने क़ातिलीने इमामे हुसैन के ख़िलाफ़ जो इन्तिक़ामी कारवाई की इस ज़िम्न में सदरुल अफ़ाज़िल ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना सय्यिद मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादआबादी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْهَادِى फ़रमाते हैं : मुख़्तार ने एक हुक्म दिया कि करबला में जो शख़्स (लश्करे यज़ीद के सिपह सालार) अ़म्र बिन सा'द का शरीक था वोह जहां पाया जाए मार डाला जाए। येह हुक्म सुन कर कूफ़ा के जफ़ा शिआ़र सूरमा बसरा भागना शुरूअ़ हुए। मुख़्तार के लश्कर ने उन का तआ़क़ुब किया जिस को जहां पाया ख़त्म कर दिया, लाशें जला डालीं, घर लूट लिये। ''ख़ौली बिन यज़ीद'' वोह ख़बीस है जिस ने ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम, सय्यिदुना इमामे हुसैन رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُ का **सरे मुबारक** तने अक़्दस से जुदा किया था। येह रू सियाह भी गिरिफ़्तार कर के मुख़्तार के पास लाया गया, **मुख़्तार ने पहले इस के चारों हाथ पैर कटवाए फिर सूली चढ़ाया, आख़िर आग में झोंक दिया।** इस त़रह़ लश्करे इब्ने सा'द के तमाम अश्रार को त़रह़ त़रह़ के अ़ज़ाबों के साथ हलाक किया। छ हज़ार कूफ़ी जो ह़ज़रते इमामे

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : जिस ने किताब में मुझ पर दुरूदे पाक लिखा तो जब तक मेरा नाम उस में रहेगा फ़िरिश्ते उस के लिये इस्तिग़फ़ार करते रहेंगे । (طبرانی)

आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के क़त्ल में शरीक थे उन को मुख़्तार ने त़रह़ त़रह़ के अ़ज़ाबों के साथ हलाक कर दिया ।

(सवानेहे़ करबला, स. 122)

ऐ तिश्नगाने ख़ूने जवानाने अहले बैत — देखा कि तुम को ज़ुल्म की कैसी सज़ा मिली
कुत्तों की त़रह़ लाशे तुम्हारे सड़ा किये — घूरे[1] पे भी न गोर[2] को तुम्हारी जा मिली
रुस्वाए ख़ल्क़ हो गए बरबाद हो गए — मरदूदो ! तुम को ज़िल्लते हर दो सरा मिली
तुम ने उजाड़ा ह़ज़रते ज़हरा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہَا *का बोस्तां — तुम ख़ुद उजड़ गए तुम्हें येह बद दुआ़ मिली*
दुन्या परस्तो ! दीन से मुंह मोड़ कर तुम्हें — दुन्या मिली न ऐ़शो त़रब[3] की हवा मिली
आख़िर दिखाया रंग शहीदों के ख़ून ने — सर कट गए अमां न तुम्हें इक ज़रा मिली

पाई है क्या नई़म عَلَیْہِ رَحْمَۃُ الْکَرِیْم *उन्हों ने अभी सज़ा*
देखेंगे वोह जह़ीम[4] में जिस दिन सज़ा मिली

مدینہ

1 : या'नी कचरा कूंडी 2 : या'नी क़ब्र 3 : या'नी ख़ुशी 4 : दोज़ख़ के एक त़ब्क़े का नाम जह़ीम है ।

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : जिस ने मुझ पर एक बार दुरूदे पाक पढ़ा अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ उस पर दस रहमतें भेजता है। (مسلم)

नेज़े पर सरे अक़्दस की तिलावत

हज़रते सय्यिदुना ज़ैद बिन अरक़म رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُ का बयान है : जब यज़ीदियों ने ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम, सय्यिदुना इमामे हुसैन رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُ के **सरे अन्वर** को नेज़े पर चढ़ा कर कूफ़ा की गलियों में गश्त किया उस वक़्त मैं अपने मकान के बालाख़ाने पर था। जब **सरे मुबारक** मेरे सामने से गुज़रा तो मैं ने सुना कि **सरे पाक** ने (पारह 15 **सू-रतुल कहफ़** की आयत नम्बर 9) तिलावत फ़रमाई :

اَمْ حَسِبْتَ اَنَّ اَصْحٰبَ الْكَهْفِ وَ الرَّقِيْمِ كَانُوْا مِنْ اٰيٰتِنَا عَجَبًا ﴿۹﴾ (پ ۱۵، الکھف ۹)

तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान : क्या तुम्हें मा'लूम हुवा कि पहाड़ की खोह (ग़ार) और जंगल के कनारे वाले हमारी एक अ़जीब निशानी थे।

(شَواھِدُ النُّبُوَّۃ ص ۲۳۱)

इसी त़रह़ एक दूसरे बुज़ुर्ग رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه ने फ़रमाया कि

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم **:** जो शख़्स मुझ पर दुरूदे पाक पढ़ना भूल गया वोह जन्नत का रास्ता भूल गया। (طبرانی)

जब यज़ीदियों ने **सरे मुबारक** को नेज़े से उतार कर इब्ने ज़ियादे बद निहाद के मह़ल में दाख़िल किया, तो आप رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के मुक़द्दस होंट हिल रहे थे और ज़बाने अक़्दस पर पारह 13 **सूरए इब्राहीम** की आयत नम्बर **42** की तिलावत जारी थी :

وَلَا تَحْسَبَنَّ اللّٰهَ غَافِلًا عَمَّا يَعْمَلُ الظّٰلِمُوْنَ ۞ (پ ۱۳ ابراهیم ۴۲)

तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान : और हरगिज़ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ को बे ख़बर न जानना ज़ालिमों के काम से।

(रौ-ज़तुश्शुहदा मुतर्जम, जि. 2, स. 385)

इबादत हो तो ऐसी हो तिलावत हो तो ऐसी हो
सरे शब्बीर رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ ***तो नेज़े पे भी कुरआं सुनाता है***

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

मन्हाल बिन अ़म्र कहते हैं : वल्लाह عَزَّوَجَلَّ ! मैं ने ब चश्मे ख़ुद देखा कि जब इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के **सरे अन्वर** को लोग नेज़े पर लिये जाते थे उस वक़्त मैं

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰہ تعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم **:** जिस के पास मेरा ज़िक्र हुवा और उस ने मुझ पर दुरूदे पाक न पढ़ा तह़क़ीक़ वोह बद बख़्त हो गया। (ابن سنی)

"दिमिश्क़" में था। **सरे मुबारक** के सामने एक शख़्स **सू-रतुल कह्फ़** पढ़ रहा था जब वोह आयत नम्बर 15 पर पहुंचा :

اَنَّ اَصۡحٰبَ الۡكَهۡفِ وَالرَّقِيۡمِ ۙ كَانُوۡا مِنۡ اٰيٰتِنَا عَجَبًا ﴿۹﴾ (پ۱۵ الکھف ۹)

तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान : पहाड़ की खोह (ग़ार) और जंगल के कनारे वाले हमारी एक अ़जीब निशानी थे।

उस वक़्त अल्लाह तआ़ला ने क़ुव्वते गोयाई बख़्शी तो **सरे अन्वर** ने ब ज़बाने फ़सीह़ फ़रमाया : اَعۡجَبُ مِنۡ اَصۡحَابِ الۡکَھۡفِ قَتۡلِیۡ وَ حَمۡلِیۡ "अस्ह़ाबे कह्फ़ के वाक़िए से मेरा क़त्ल और मेरे सर को लिये फिरना अ़जीब तर है।"

(شرحُ الصُّدور ص۲۱۲)

सर शहीदाने मह़ब्बत के हैं नेज़ों पर बुलन्द رَضِیَ اللّٰہُ تعَالٰی عَنۡہُ
और ऊंची की ख़ुदा عَزَّ وَجَلَّ ***ने इ़ज़्ज़ो शाने अहले बैत***

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! सदरुल अफ़ाज़िल ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना सय्यिद मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादआबादी

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللّٰہ تعالٰی علیہِ و اٰلہٖ وسلَّم : जिस ने मुझ पर दस मरतबा सुब्ह और दस मरतबा शाम दुरूदे पाक पढ़ा उसे क़ियामत के दिन मेरी शफ़ाअ़त मिलेगी। (مجمع الزوائد)

عَلَیْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْهَادِی अपनी किताब **सवानेहे करबला** में येह हिकायत नक्ल करने के बा'द फ़रमाते हैं : दर ह़क़ीक़त बात येही है क्यूं कि **अस्ह़ाबे कहफ़** पर काफ़िरों ने ज़ुल्म किया था और **ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम** رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ को इन के नानाजान صَلَّی اللّٰه تَعَالٰی عَلَیْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की उम्मत ने मेहमान बना कर बुलाया, फिर बे वफ़ाई से पानी तक बन्द कर दिया ! आल व अस्ह़ाब عَلَیْهِمُ الرِّضْوَان को ह़ज़रते इमामे पाक رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के सामने शहीद किया। फिर ख़ुद ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ को शहीद किया, अहले बैते किराम عَلَیْهِمُ الرِّضْوَان को असीर (या'नी क़ैदी) बनाया, **सरे मुबारक** को शह्र शह्र फिराया। **अस्ह़ाबे कहफ़** सालहा साल की त़वील नींद के बा'द बोले येह ज़रूर अ़जीब है मगर **सरे अन्वर** का तने मुबारक से जुदा होने के बा'द कलाम फ़रमाना अ़जीब तर है। (सवानेहे करबला, स. 118)

ख़ून से लिखा हुवा शे'र

यज़ीदे पलीद के नापाक लश्करी शु-हदाए करबला عَلَیْهِمُ الرِّضْوَان के पाकीज़ा सरों को ले कर जा रहे थे। दरीं

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : जिस के पास मेरा ज़िक्र हुवा और उस ने मुझ पर दुरूद शरीफ़ न पढ़ा उस ने जफ़ा की । (عبدالرزاق)

अस्ना एक मन्ज़िल पर ठहरे । ह़ज़रते सय्यिदुना शाह अ़ब्दुल अ़ज़ीज़ मुह़द्दिस देहलवी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْقَوِی लिखते हैं, वोह **नबीज़** या'नी खजूर का शीरा पीने लगे । एक और रिवायत में है, **وَهُمْ يَشْرَبُوْنَ الْخَمْر** या'नी वोह शराब पीने लगे । इतने में एक **लोहे का क़लम** नुमूदार हुवा और उस ने **ख़ून** से येह शे'र लिखा

اَتَرْجُوْ اُمَّةٌ قَتَلَتْ حُسَيْنًا شَفَاعَةَ جَدِّهٖ يَوْمَ الْحِسَابِ

(या'नी क्या हुसैन رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के क़ातिल येह भी उम्मीद रखते हैं कि रोज़े क़ियामत इन के नानाजान صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की शफ़ाअ़त पाएंगे ?)

बा'ज़ रिवायात में है कि हुज़ूर सरवरे आ़लम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की बि'सते शरीफ़ा से तीन सो300 बरस पेशतर येह शे'र एक पथ्थर पर लिखा हुवा मिला ।

(الصواعِقُ الْمُحَرقة ١٩٤)

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : जो मुझ पर रोज़े जुमुआ दुरूद शरीफ़ पढ़ेगा मैं क़ियामत के दिन उस की शफ़ाअ़त करूंगा। (کنز العمال)

सरे अन्वर की करामत से राहिब का क़बूले इस्लाम

एक राहिब नसरानी ने दैर (या'नी गिर्जा घर) से सरे अन्वर देखा तो पूछा, बताया, कहा : "तुम बुरे लोग हो, क्या दस हज़ार10000 अशरफ़ियां ले कर इस पर राज़ी हो सकते हो कि एक रात येह सर मेरे पास रहे।" उन लालचियों ने क़बूल कर लिया। राहिब ने **सरे मुबारक** धोया, ख़ुश्बू लगाई, रात भर अपनी रान पर रखे देखता रहा एक नूर बुलन्द होता पाया। राहिब ने वोह रात रो कर काटी, सुब्ह़ इस्लाम लाया और गिर्जा घर, उस का मालो मताअ़ छोड़ कर अपनी ज़िन्दगी अहले बैत عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان की ख़िदमत में गुज़ार दी। (اَلصَّواعِقُ الْمُحَرقة ١٩٩)

दौलते दीदार पाई पाक जानें बेच कर
करबला में ख़ूब ही चमकी दुकाने अहले बैत رَضِيَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُم

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

दिरहमो दीनार ठीकरियां बन गए

यज़ीदियों ने लश्करे इमामे आ़ली मक़ाम رَضِيَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ और उन के ख़ैमों से जो दिरहमो दीनार लूटे

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰہ تعالٰی علیہ و اٰلہٖ وسلَّم : मुझ पर दुरूदे पाक की कसरत करो बेशक येह तुम्हारे लिये त़हारत है। (ابویعلٰی)

थे और जो राहिब से लिये थे उन को तक़्सीम करने के लिये **जब थेलियों के मुंह खोले तो क्या देखा कि वोह सब दिरहमो दीनार ठीकरियां बने हुए थे** और उन के एक त़रफ़ पारह 13 **सूरए इब्राहीम** की आयत (नम्बर 42)

وَلَا تَحْسَبَنَّ اللّٰهَ غَافِلًا عَمَّا یَعْمَلُ الظّٰلِمُوْنَ ۬ؕ

(**तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान :** और हरगिज़ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ को बे ख़बर न जानना ज़ालिमों के काम से।) और दूसरी त़रफ़ पारह 19 **सू-रतुश्शु-अ़राअ** की आयत (नम्बर 227) तह़रीर थी :

وَسَیَعْلَمُ الَّذِیْنَ ظَلَمُوْۤا اَیَّ مُنْقَلَبٍ یَّنْقَلِبُوْنَ۠ ﴿۲۲۷﴾

(**तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान :** और अब जाना चाहते हैं ज़ालिम कि किस करवट पर पलटा खाएंगे।) (ایضاً ص۱۹۹)

तुम ने उजाड़ा ह़ज़रते ज़हरा का बोस्तां
तुम ख़ुद उजड़ गए तुम्हें येह बद दुआ़ मिली
रुस्वाए ख़ल्क़ हो गए बरबाद हो गए
मरदूदो ! तुम को ज़िल्लते हर दो सरा मिली

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : तुम जहां भी हो मुझ पर दुरूद पढ़ो कि तुम्हारा दुरूद मुझ तक पहुंचता है। (طبرانی)

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! येह क़ुदरत की त़रफ़ से एक दर्से इ़ब्रत था कि बद बख़्तो ! तुम ने इस फ़ानी दुन्या की ख़ात़िर दीन से मुंह मोड़ा और आले रसूल صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم पर ज़ुल्मो सितम का पहाड़ तोड़ा। याद रखो ! दीन से तुम ने सख़्त ला परवाही बरती और जिस फ़ानी व बे वफ़ा दुन्या के हुसूल के लिये ऐसा किया वोह भी तुम्हारे हाथ नहीं आएगी और तुम خَسِرَ الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَة (या'नी दुन्या में भी नुक़्सान और आख़िरत में भी नुक़्सान) का मिस्दाक़ हो गए

दुन्या परस्तो दीन से मुंह मोड़ कर तुम्हें दुन्या मिली न ऐ़शो त़रब की हवा मिली

तारीख़ शाहिद है कि मुसल्मानों ने जब कभी अ़-मलन दीन के मुक़ाबले में इस फ़ानी दुन्या को तरजीह़ दी तो इस बे वफ़ा दुन्या से भी हाथ धो बैठे और जिन्हों ने इस फ़ानी दुन्या को लात मार दी और क़ुरआनो सुन्नत के अह़कामात पर मज़्बूत़ी से क़ाइम रहे और दीनो ईमान से मुंह नहीं मोड़ा बल्कि अपने किरदार व अ़मल से येह साबित किया

सर कटे कुम्बा मरे सब कुछ लुटे दामने अह़मद न हाथों से छुटे صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰه تَعَالٰی عَلَیْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم **:** जिस ने मुझ पर दस मरतबा दुरूदे पाक पढ़ा **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ उस पर सो रहमतें नाज़िल फ़रमाता है। (طبرانی)

तो दुन्या हाथ बांध कर उन के पीछे पीछे हो गई और वोह दारैन में सुर्ख़-रू हुए। मेरे आक़ा आ'ला हज़रत رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه फ़रमाते हैं

वोह कि इस दर का हुवा ख़ल्क़े ख़ुदा عَزَّوَجَلَّ ***उस की हुई***

वोह कि इस दर से फिरा अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ***उस से फिर गया***

सरे अन्वर कहां मदफ़ून हुवा ?

इमामे आ़ली मक़ाम, ह़ज़रते सय्यिदुना इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के **सरे अन्वर** के मदफ़न के बारे में इख़्तिलाफ़ है। अ़ल्लामा कुरतुबी और ह़ज़रते सय्यिदुना शाह अ़ब्दुल अ़ज़ीज़ मुह़द्दिस देहलवी عَلَیْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِی फ़रमाते हैं कि यज़ीद ने असीराने करबला और **सरे अन्वर** को **मदीनए मुनव्वरह** زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِیْمًا रवाना कर दिया और **मदीनए मुनव्वरह** زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِیْمًا में **सरे अन्वर** को तज्हीज़ो तक्फ़ीन के बा'द जन्नतुल बक़ीअ़ शरीफ़ में ह़ज़रते सय्यि-दतुना फ़ाति़मा ज़हरा, या ह़ज़रते सय्यिदुना इमामे ह़सन मुज्तबा رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا

के पहलू में दफ़्न कर दिया गया। बा'ज़ कहते हैं कि असीराने करबला ने **चालीस[40] रोज़** के बा'द करबला में आ कर **सरे अन्वर** को ज-सदे मुबारक से मिला कर दफ़्न किया। बा'ज़ का कहना है, यज़ीद ने हुक्म दिया था कि "इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के **सरे अन्वर** को शहरों में फिराओ।" फिराने वाले जब **अ़स्क़लान** पहुंचे तो वहां के अमीर ने उन से ले कर दफ़्न कर दिया। जब अ़स्क़लान पर फ़िरंगियों का ग़-लबा हुवा तो त़लाएअ़ बिन रज़्ज़ीक जिस को सालेह़ कहते हैं ने **तीस हज़ार[30000] दीनार** दे कर फ़िरंगियों से **सरे अन्वर** लेने की इजाज़त ह़ासिल की और बमअ़ फ़ौज व ख़ुद्दाम नंगे पाउं वहां से 8 जुमादिल आख़िर 548 सि.हि. बरोज़ इतवार मिस्र में लाया। **उस वक़्त भी सरे अन्वर का ख़ून ताज़ा था और उस से मुश्क की सी ख़ुश्बू आती थी।** फिर उस ने सब्ज़ ह़रीर (रेशम) की थेली में आबनूसी कुरसी पर रख कर इस के हम वज़्न मुश्क व अ़म्बर और ख़ुश्बू उस के नीचे और इर्द गिर्द रखवा कर उस पर **मश्हदे हुसैनी** बनवाया चुनान्चे

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : उस शख़्स की नाक ख़ाक आलूद हो जिस के पास मेरा ज़िक्र हो और वोह मुझ पर दुरूदे पाक न पढ़े । (حاکم)

क़रीबे ख़ान ख़लीली के **मश्हदे हुसैनी** मश्हूर है ।

(शामे करबला, स. 246)

किस शक़ी की है हुकूमत हाए क्या अन्धेर है
दिन दिहाड़े लुट रहा है कारवाने अहले बैत رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُم

तुरबते सरे अन्वर की ज़ियारत

हज़रते सय्यिदुना शैख़ अ़ब्दुल फ़त्ताह़ बिन अबी बक्र बिन अह़मद शाफ़ेई ख़ल्वती رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه अपने रिसाले "नूरुल ऐन" में नक़्ल फ़रमाते हैं : शैख़ुल इस्लाम शम्सुद्दीन लक़ानी قُدِّسَ سِرُّهُ الرَّبَّانِی जो कि अपने वक़्त के शैख़ुश्शुयूख़े मालिकिय्या थे हमेशा मश्हदे मुबारक में **सरे अन्वर** की ज़ियारत को ह़ाज़िर होते और फ़रमाते कि ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ का **सरे अन्वर** इसी मक़ाम पर है । ह़ज़रते सय्यिदुना शैख़ शहाबुद्दीन ह़-नफ़ी رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं : मैं ने **मश्हदे हुसैनी** की ज़ियारत की मगर मुझे शुबा हो रहा था कि **सरे मुबारक** इस मक़ाम पर है या नहीं ? अचानक मुझ को नींद आ गई, मैं ने ख़्वाब में देखा

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : जिस ने मुझ पर रोज़े जुमुआ़ दो सो बार दुरूदे पाक पढ़ा उस के दो सो साल के गुनाह मुआ़फ़ होंगे। (کنزالعمال)

कि एक शख़्स ब सूरते नक़ीब **सरे मुबारक** के पास से निकला और हुज़ूरे पुरनूर, **शाफ़ेए यौमुन्नुशूर** صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم के हुज़्रए मुबा-रका में हाज़िर हुवा और अ़र्ज़ की, "**या रसूलल्लाह** صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ! अह़मद बिन ह़लबी और अ़ब्दुल वह्हाब ने आप के शहज़ादे इमामे हुसैन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के **सरे मुबारक के मदफ़न** की ज़ियारत की है।" आप صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने फ़रमाया : اَللّٰھُمَّ تَقَبَّلْ مِنْھُمَا وَ اغْفِرْلَھُمَا۔ ऐ अल्लाह इन दोनों[2] की ज़ियारत को क़बूल फ़रमा और दोनों[2] को बख़्श दे। ह़ज़रते सय्यिदुना शैख़ शहाबुद्दीन ह़-नफ़ी رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं कि उस दिन से मुझे यक़ीन हो गया कि ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ का **सरे अन्वर** यहीं तशरीफ़ फ़रमा है फिर मैं ने मरने तक **सरे मुकर्रम** की ज़ियारत नहीं छोड़ी।

(शामे करबला, स. 247)

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللہ تعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم **:** मुझ पर दुरूद शरीफ़ पढ़ो **अल्लाह** عَزَّ وَجَلَّ तुम पर रह़मत भेजेगा। (ابن عدی)

عَزَّ وَجَلَّ
उन की पाकी का ख़ुदाए पाक करता है बयां
رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُم
आयए तत़्हीर से ज़ाहिर है शाने अहले बैत

सरे अन्वर से सलाम का जवाब

ह़ज़रते सय्यिदुना शैख़ ख़लील अबिल ह़सन तमारसी رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ **सरे अन्वर** की ज़ियारत के लिये जब **मश्हदे मुबारक** के पास ह़ाज़िर होते तो अ़र्ज़ करते **اَلسَّلَامُ عَلَیْکُم یَا اِبْنَ رَسُوْلِ اللّٰہ** और फ़ौरन जवाब सुनते **:** **وَعَلَیْکَ السَّلَامُ یَا اَبَاالْحَسَن ـ** एक दिन सलाम का जवाब न पाया, ह़ैरान हुए और ज़ियारत कर के वापस आ गए दूसरे रोज़ फिर ह़ाज़िर हो कर सलाम किया तो जवाब पाया। अ़र्ज़ की, या सय्यिदी ! कल जवाब से मुशर्रफ़ न हुवा क्या वजह थी ? फ़रमाया **:** ऐ अबुल ह़सन ! कल उस वक़्त मैं अपने नानाजान, रह़मते आ़-लमिय्यान صَلَّی اللہ تعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم की ख़िदमते अक़्दस में ह़ाज़िर था और बातों में मश्ग़ूल था।

(शामे करबला, स. 247)

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم **:** मुझ पर कसरत से दुरूदे पाक पढ़ो बेशक तुम्हारा मुझ पर दुरूदे पाक पढ़ना तुम्हारे गुनाहों के लिये मग़्फ़िरत है। (جامع صغير)

जुदा होती हैं जानें जिस्म से जानां से मिलते हैं

हुई है करबला में गर्म मजलिस वस्लो फ़ुरक़त की

हज़रते सय्यिदुना इमाम अ़ब्दुल वह्हाब शा'रानी قُدِّسَ سِرُّهُ الرَّبَّانِى फ़रमाते हैं : अहले कश्फ़ सूफ़िया इसी के क़ाइल हैं कि हज़रते सय्यिदुना इमामे हुसैन رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ का **सरे अन्वर** इसी मक़ाम पर है। शैख़ करीमुद्दीन ख़ल्वती رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं कि मैं ने रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की इजाज़त से इस मक़ाम की ज़ियारत की है।

(ऐज़न, स. 248)

इसी मन्ज़र पे हर जानिब से लाखों की निगाहें हैं

इसी आ़लम को आंखें तक रही हैं सारी ख़ल्क़त की

सरे अन्वर की अ़जीब ब-र-कत

मन्क़ूल है, मिस्र के सुल्तान "मलिक नासिर" को एक शख़्स के **मु-तअ़ल्लिक़** इत्तिलाअ़ दी गई कि येह शख़्स

जानता है कि इस महल में ख़ज़ाना कहां दफ़्न है मगर बताता नहीं। सुल्त़ान ने उगलवाने के लिये उस की ता'ज़ीब या'नी अज़िय्यत देने का हुक्म दिया। मु-तवल्लिये ता'ज़ीब (या'नी अज़िय्यत देने पर मामूर शख़्स) ने उस को पकड़ा और उस के सर पर **ख़नाफ़िस** (गुबरीले) लगाए और उस पर **क़िरमिज़** (या'नी एक त़रह़ के रेशम के कीड़े) डाल कर कपड़ा बांध दिया। येह वोह ख़ौफ़नाक अज़िय्यत व उ़क़ूबत है कि इस को एक मिनट भी इन्सान बरदाश्त नहीं कर सकता। उस का दिमाग़ फटने लगता है और वोह फ़ौरन राज़ उगल देता है। अगर न बताए तो कुछ ही देर के बा'द तड़प तड़प कर मर जाता है। येह सज़ा उस शख़्स को कई मर्तबा दी गई मगर उस को कुछ भी असर न हुवा बल्कि हर मर्तबा ख़नाफ़िस मर जाते थे। लोगों ने इस का सबब पूछा तो उस शख़्स ने बताया कि **जब ह़ज़रते इमामे आ़ली मक़ाम, सय्यिदुना इमामे हुसैन** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ **का सरे मुबारक यहां मिस्र में तशरीफ़ लाया था।** اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ **मैं ने उस को अ़क़ीदत से अपने**

सर पर उठाया था येह उसी की ब-र-कत और करामत है।

(शामे करबला, स. 248)

फूल ज़ख़्मों के खिलाए हैं हवाए दोस्त ने
ख़ून से सींचा गया है गुल सिताने अहले बैत
رِضْوَانُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْهِمْ اَجْمَعِيْن

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

अज़िय्यत नाक कीड़ों का तआ़रुफ़

मा'लूम हुवा मु-तबर्रिक चीज़ को अ़क़ीदत से सर पर रखना दोनों[2] जहानों में बाइ़से सआ़दत है। इस ह़िकायत में राज़ उगलवाने के लिये इस्ति'माल किये जाने वाले जिन कीड़ों का तज़्किरा है उन के बारे में अ़र्ज़ है : **ख़नाफ़िस ख़ुन्फ़सा** की जम्अ़ है जो कि नजासत और गोबर में पैदा होने वाला सियाह रंग का दो[2] सींग वाला एक कीड़ा है। उर्दू में इस को **गुबरीला** कहते हैं। **क़िरमिज़** छोटे चने के बराबर सुर्ख़ रंग के रेशम जैसे कीड़े को कहते हैं जो कि उ़मूमन बरसात के दिनों में बा'ज़ जंगलों में पैदा होता है। इस को सुखा कर इस से रेशम

रंगने का सुर्ख़ रंग बनाया जाता है। इस की दवा भी बनती है और इस से तेल भी निकालते हैं। उर्दू में इस को **बीर बहूटी** कहते हैं। उस ज़माने में मुल्ज़मों से ए'तिराफ़े जुर्म करवाने के लिये इस त़रीक़े पर ईज़ा देते थे, सर पर नीचे वोह **ख़नाफ़िस** (गुबरीले) और ऊपर **क़िरमिज़** डाल कर बांध देते थे, कीड़े काट काट कर सर की खाल में सूराख़ कर देते थे, उन सूराख़ों में **क़िरमिज़** के टुकड़े और उन की रत़ूबत वग़ैरा दाख़िल हो जाती जिस से दिमाग़ की रगें फट जाती थीं। येह ऐसी ना क़ाबिले बरदाश्त सज़ा होती कि मुल्ज़म फ़ौरन ए'तिराफ़े जुर्म कर लेता था। इस रूंगटे खड़े कर देने वाली दुन्यवी अज़िय्यत के तज़्किरे में अ़ज़ाबे आख़िरत की याद है। आह! इन कीड़ों की तक्लीफ़ जब कि हम में से एक सेकन्ड के लिये कोई बरदाश्त नहीं कर सकता तो क़ब्र व जहन्नम में सांप का डसना और बिच्छूओं के डंक भला कौन सह सकता है! ख़ुदा न ख़्वास्ता किसी एक छोटे से गुनाह पर ही अगर पकड़ हो गई और बिलफ़र्ज़ सिर्फ़ एक ही बिच्छू सर पर बिठा दिया गया तो हमारा क्या बनेगा!

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : जो शख़्स मुझ पर दुरूदे पाक पढ़ना भूल गया वोह जन्नत का रास्ता भूल गया। (طبرانی)

डंक मच्छर का भी मुझ से तो सहा जाता नहीं
क़ब्र में बिच्छू के डंक कैसे सहूंगा या रब
عَزَّوَجَلَّ
अ़फ़्व कर और सदा के लिये राज़ी हो जा
येह करम होगा तो जन्नत में रहूंगा या रब
عَزَّوَجَلَّ

सरे मुबारक की चमक दमक

एक रिवायत येह भी है कि **सरे अन्वर** यज़ीदे पलीद के ख़ज़ाने ही में रहा। जब बनू उमय्या के बादशाह सुलैमान बिन अ़ब्दुल मलिक का दौरे हुकूमत (96 हि. ता 99 हि.) आया और उन को मा'लूम हुवा तो उन्हों ने **सरे अन्वर** की ज़ियारत की सआ़दत ह़ासिल की, उस वक़्त **सरे अन्वर** की मुबारक हड्डियां सफ़ेद चांदी की त़रह़ चमक रही थीं, उन्हों ने ख़ुश्बू लगाई और कफ़न दे कर मुसल्मानों के क़ब्रिस्तान में दफ़्न करवा दिया।

(تَهذيبُ التَّهذيب ج٢، ص٣٢٦ دارالفكر بيروت)

